**उत्साह** — कांवड़ यात्रा में शामिल हुए राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह व दमोह सांसद राहुल सिंह

# कांवड़ यात्रा आज पहुंचेगी श्री जागेश्वर नाथ धाम



**नवभारत,जबेरा/दमोह.** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के निर्देशन में व उनके अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन कावड़ लेकर पैदल चल रहे हैं। इस यात्रा का आयोजन 31 अगस्त 2025 को तिलवारा घाट (जबलपुर) से किया गया था जो 121 किलोमीटर चलकर 3 अगस्त 2025 को बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर भगवान भोलेनाथ के द्वार पहुंचेगी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि जबेरा विधानसभा सहित प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि व सुखमय जीवन के लिए इस यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें मेरे अनुज और उनके साथियों के द्वारा चार दिवसीय यात्रा निकाली गई है। प्रथम दिवस तिलवारा घाट से बोरिया तक, द्वितीय दिवस बोरिया से आनंद धाम जबेरा, और तृतीय दिवस आनंद धाम से मझगुवा मानगढ़ तक यात्रा संपूर्ण हुई है। सत्येंद्र सिंह ने कहा कि प्रथम कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी साथ चल रहे हैं हमारे सहयोगी निरंतर ही कावड़ियों की सेवा में रहकर उनके ठहरने की व्यवस्था करते हैं बांदकपुर धाम पहुंचते ही समस्त कावड़ियों के साथ भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त कर सभी के उत्तम स्वास्थ्य व सुख में जीवन की शुभकामना करूंगा। कावड़ यात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित रहे दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मूरत सिंह, बंटी दुबे, सतपाल सिंह, रिंकू जैन, संत कुमार पाल बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

## जल अभिषेक कर मंत्री पटेल ने किया पौधरोपण



श्रवण माह में श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर द्वारा संरक्षित दर्शनीय स्थल गोवर्धन पर्वत पर वृक्षारोपण का भव्य कार्यक्रम चल रहा. इसी क्रम में शनिवार को मप्र सरकार के पंचायत, ग्रामीण विकास विभाग व श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल शनिवार को बांदकपुर मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक कर पंडित रामकृपाल पाठक, केदारनाथ दुबे, कुंजीलाल डिम्हा,रामबाबू तिवारी, राम प्रताप, पाठ कर रहे सम्माननीय पंडित, वट का तिलक वंदन किया. इसके उपरांत गोवर्धन पर्वत पहुंच कर एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता कर बांदकपुर के गोवर्धन पर्वत पर एक बेल का पौधा रोपित किया और कहा एक तरफ श्री जागेश्वर नाथ तो दूसरी तरफ लगभग 100 एकड़ का गोवर्धन पर्वत,मेरी तो यही प्रार्थना है कि जितने भी श्रद्धालु आते हैं, अगर गोवर्धन पर्वत पर एक पौधा रोप दें, तो भी हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए भगवान जागेश्वर नाथ का वरदान दे पाएंगे.मुझे विश्वास है कि जिस प्रकार से श्रद्धालु वृक्षारोपण कर रहे हैं, ये सफलता हासिल करेगी.यही प्रार्थना करता हूँ कि साल में एक पौधा जरूर लगाए.शनिवार को पवित्र श्रावण मास की रामनवमी के शुभअवसर पर दमोह स्थित बांदकपुर धाम में गोवर्धन पर्वत पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना संकल्प और अटूट किया.इस पुनीत अवसर पर मंदिर प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक, मंदिर अध्यक्ष एड. सुरेश मेहता,नरेंद्र बजाज, शिवचरण पटेल, ना. तहसीलदार प्रीतम सिंह, एसडीओपी प्रिया सिंधी, ग्रामीण यांत्रिक सेवा प्रभारी ईई मनोज गुप्ता, जपं सीईओ हलधर मिश्रा, अमित वर्मा, थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, सुशील गुप्ता,संजय यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू कमल सिंह मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह, वीरू नेमा, भरत यादव, गोपाल पटेल, शंकर गौतम, कृष्णा पटेल, भारत सिंह, तखत सिंह,झमा सिंह, अनूप सिंह,त्रिपाल सिंह अन्य सहयोगी साथ रहे.



## मैनिट टीम ने 2 हॉट स्पॉट और 6 ब्लैक स्पॉट का लिया जायजा

**नवभारत,दमोह.**जिले में जो दुर्घटनाएं हुई है,उस संदर्भ में जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा मैनिट भोपाल को पत्र लिखा था. दमोह और उसके आसपास के क्षेत्रों में काफी दुर्घटनाएं हो रही है.उनको कैसे रोका जाय, क्या किया जाए इसी संदर्भ में फिर हमने यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को और टीम के साथ शनिवार को भ्रमण किया है.उक्ताशय की जानकारी मैनिट भोपाल के एच.ओ.डी अनुज जायसवाल ने दी.उन्होंने बताया हमारे द्वारा 08 लोकेशन पर भ्रमण किया गया है,एक्सीडेंट हो रहे हैं उनके क्या कारण है भ्रमण कर देखा गया है.आज बाकी लोकेशन पर टीम द्वारा जाकर देखा जाएगा.हम यह देख रहे हैं क्या कारण है जिसकी वजह से एक्सीडेंट हो रहे है क्या कमियां हैं ऑब्जर्व कर रहे हैं. इसका एनालिसिस करके एक रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपी जाएगी, क्या-क्या सेफ्टी रखनी चाहिए आदि रिपोर्ट दी जाएगी. ताकि एक्सीडेंट ना हो या न्यून हो जिसमें ज्यादा जनहानि भी ना हो क्योंकि प्रदेश में दमोह में काफी एक्सीडेंट हो रहे है.हमारा प्रयास है कि 2 माह के भीतर जिला प्रशासन को हम रिपोर्ट सौंप दें. उन्होने बताया 02 हॉट स्पॉट मारा तिराहा और महादेव घाट पुल व 06 ब्लैक स्पॉट इमलाई फैक्ट्री, समन्ना तिराहा, बिदारी घाटी, नया तालाब जबेरा, सतघटिया घाटी, फल्को नाला कुल 08 स्पॉट का विशेष ऑडिट किया गया है.

### एक नजर में

## स्कूल में आठवीं की छात्रा को सर्प ने डंसा,हालत गंभीर

**नवभारत,दमोह.**जिले के बनवार शासकीय उच्चतम माध्यमिक शाला में एक कक्षा आठवीं की छात्रा रचना पिता सूरज सिंह लोधी 12 वर्ष निवासी लरगुवां पटी को सर्प ने डस लिया.जिसे परिजन शनिवार दोपहर आनन-फानन में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लेकर आए जहां छात्रा का इलाज आईसीयू वार्ड में किया जा है. कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व जिपं सीईओ प्रवीण फुलपगारे को खबर लगते ही डीपीसी मुकेश द्विवेदी और बीआरसी जबेरा प्रमेंद्र वैद्य और शिक्षा सम्बंधित अधिकारी पहुंचे.जहां उन्होंने छात्रा के बारे में परिजनों और डॉक्टर से जानकारी ली और बेहतर उपचार करने की बात कही. डॉक्टरों का कहना था कि छात्रा को सर्प ने नहीं डसा है,छात्रा घबरा गई है, इसलिए स्थिति यह बनी हुई है फिर भी इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है.इधर परिजनों ने सर्प की भी फोटो बताई.





## सफलतापूर्वक किया मगरमच्छ का रेस्क्यू

**नवभारत,दमोह.** वनमंडल के वन परिक्षेत्र दमोह अंतर्गत वनमंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देशन में व्यारमा नदी में मगरमच्छों के रेस्क्यू का ऑपरेशन लगातार जारी है. जहां वन परिक्षेत्र दमोह के वन अमले को फिर एक बड़ी सफलता मिली.वन अमले ने कनिया घाट पटी/हारट में व्यारमा नदी में ट्रैप केज लगा कर चौथे मगरमच्छ को रेस्क्यू किया. मगरमच्छ की लम्बाई लगभग 6-8 फीट है. रेस्क्यू का नेतृत्व वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी द्वारा किया जा रहा हैं. रेस्क्यू में डिप्टी रेंजर प्रेमलाल अहिरवार,मयंक विश्वकर्मा,वनरक्षक ईश्वर कांत मिश्रा, अमित तिवारी, वन रक्षक लक्ष्मीकांत के साथ ग्रामीणों की अहम भूमिका रही.

## रवि करण साहू पहुंचे दमोह

**नवभारत,दमोह.**कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष, मप्र तेलधानी बोर्ड रवि करण साहू शनिवार को गढाकोटा से दमोह प्रवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने दमोह के सर्किट हाउस पर सामाजिक जनों से सौजन्य भेंट कर जबलपुर के लिए रवाना हुए. इस अवसर समाज के अध्यक्ष, वरिष्ठ जन, तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी के अलावा और भी अधिकारी गण मौजूद रहे.





## कुशवाहा समाज पथरिया ब्लाक अध्यक्ष के चुनाव हुए

**नवभारत,पथरिया/दमोह।** हर सिद्धि माता मंदिर में शुक्रवार को कुशवाहा समाज की बैठक संपन्न हुई। उसमें ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन (मूले) कक्का युवा अध्यक्ष बद्री प्रसाद कुशवाहा केवलारी व बलराम पटेल नंदरई को निर्विरोध नियुक्त किया गया है। समस्त स्वजातीय बंधुओ ने भाग लिया व आगामी 10.08.2025 को दमोह में ऐतिहासिक लवकुश जयंती मनाने का भी निर्णय लिया। पथरिया के वरिष्ठ नागरिक व कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष दमोह से पधारे हुए गढ़ मान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी ने स्वागत वंदन कर अपने अध्यक्ष का चुनाव किया जिला अध्यक्ष द्वारा समाज को उत्थान व सुधार की बात कही। जिसमें बताया कि सभी आग्रह है कि नशा मुक्ति अभियान चलाकर नशा मुक्त समाज बनाया जाए व अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराये और अपने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## परेशानी बनी जी का जंजाल

**नवभारत, दमोह।** जिला अस्पताल की पार्किंग की स्थिति बहुत ही खराब है,जिससे एमरजैंसी एम्बुलेंस और अन्य वाहनों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है.जिला अस्पताल प्रवेश होते ही यहां भी यही स्थिति रहती है और सीएमएचओ ऑफिस के सामने भी यही हालात रहते हैं. जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए आगे आई महिला अधिकारी

**नवभारत,दमोह।** बीते दिनों तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम सर्रा और आसपास के क्षेत्रों में व्यारमा नदी का जल स्तर बढ़ जाने से बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी जिससे ग्रामीण जनों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। दमोह की कुछ सिविल सोसाइटी, समिति, रोटरी क्लब, डॉ असोसिएशन, जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण जनों तक अलग- अलग माध्यम से उपयोगित खाद्य सामग्री से आगे जाकर उनकी मदद करी। इसी मदद में सहभागिता लोक निर्माण विभाग की महिला अधिकारिय सीमा रजक (एसडीओ सिविल) आयुषी सचान (एसडीओ इलेक्ट्रिकल) पूजा तिवारी (सब इंजीनियर, पीडब्ल्यूड) द्वारा स्थानीय 480 पैकेट सैनिटरी पेड वितरित किया गए।

# बांदकपुर मंदिर पर्यटन धर्मशाला का कायाकल्प कर नवीन चौकी शिफ्ट की गई

**बांदकपुर चौकी प्रभारी की मेहनत परिश्रम से चमक गई पर्यटन धर्मशाला**



**नवभारत,दमोह.** बांदकपुर मंदिर के मुख्य द्वार के पास एक 80 वर्ष पुरानी मंदिर की धर्मशाला थी,जिसमें चौकी संचालित थी जो काफी जर्जर हो गई थी. कई हिस्से गिरने लगे थे वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा कारीडोर प्रो जेक्ट में धर्मशाला आ रही थी. जिसे हटाया जाना है,प्रशासनिक व्यवस्थाओं के चलते चौकी को किसी अन्य जगह पर स्थानांतरित करना था.पुलिस विभाग द्वारा मंदिर ट्रस्ट आग्रह किया गया और नई जगह चौकी शिफ्ट करने मांगी ट्रस्ट ने मंदिर के ही पास पर्यटन विभाग की एक धर्मशाला थी, जो पुलिस विभाग को दे दी.लेकिन उक्त धर्मशाला में चौकी शिफ्ट करना बड़ी चुनौती थी. पूरा परिसर अस्त-व्यस्त था. चारों और कचरा डला था, लाइट, पानी आदि की व्यवस्था नहीं थी. लेकिन वर्तमान चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने कमान संभाली और जुट गए. परिसर को व्यवस्थित करने में सबसे पहले चौकी के सामने मैदान का कचरा जेसीबी टैक्टर की मदद से उठवाया, साफ-सफाई करवाई, रंग रोगन, तार फैंसिंग,गेट लगवाया धर्मशाला चौकी के अंदर, गेट दरवाजे, बंदीगृह, मालखाना, कंप्यूटर रुम, लाइटिंग, पेयजल, परिसर में वृक्षारोपण आदि की सभी व्यवस्थाओं को कार्य कुशलता के साथ कराया.

### अस्त-व्यस्त पड़े परिसर को कुछ ही दिनों में व्यवस्थित कर चमका दिया

चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा द्वारा कराए गए कार्य की जिले के वरिष्ठ अधिकारी सहित ग्रामवासी प्रशंसा कर रहे है.ज्ञात हो कि विगत कुछ माह पूर्व ड्यूटी के दौरान ट्रेन दुर्घटना में श्री मिश्रा ने अपना एक हाथ गंवा दिया. लेकिन उन्होंने हादसे के बाद भी धैर्य नहीं खोया और देश भक्ति जन सेवा के जज्बे जुनून के साथ पुन: बांदकपुर चौकी की कमान संभाली और जुट गए. भोलेनाथ के भक्तों की सेवा में क्षेत्रवासियों की सेवा में विगत दिनों 9 मई को बांदकपुर कॉरीडोर का भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री मिश्रा जी का मंच से सम्मान कर आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था.

### नहीं है पर्याप्त स्टॉफ

बांदकपुर चौकी क्षेत्र में 45 से अधिक गांव है, इतने गांव एक थाना क्षेत्र में होते है.लेकिन फिर भी कम पुलिस स्टॉप के साथ निरंतर लगनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा के साथ मेहनत कर कार्य कर रहे है. क्षेत्र में जुआ, सट्टा, शराब आदि पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाए है, क्षेत्र में अपराधों पर लगाम लगे इसके लिए संकल्पित है. भगवान श्री जागेश्वर महादेव से प्रथना है कि आप सदैव सुखी समृद्ध प्रसन्न रहे ईश्वर आपको बल दे शक्ति दे संबल प्रदान करे आपकी रक्षा करे.

## असाटी महिला मंडल का हरियाली तीज कार्यक्रम



**नवभारत,दमोह।** 27 जुलाई दिन रविवार को हरियाली तीज (झूला तीज) के शुभ अवसर पर असाटी समाज की महिलाओं ने मिलकर हरियाली तीज बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया, इसमें अनेक प्रकार के गेम रखे गए. प्रश्न उत्तरी, कुर्सी दौड़, रस्सी कूद सोलह श्रृंगार आदि गेम का आयोजन किया गया. सभी बहनों ने गेम का आनंद लिया व सभी महिलाओं ने मिलकर सावन के झूले व सावन गीत गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थिति के साथ सभी ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता देकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की. वहीं आयोजक महिला समिति के द्वारा समाज की सभी बहनों को श्रृंगार सामग्री वितरित कर व समाज के सभी बहनों को जलपान कर कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मौत

**नवभारत,दमोह.** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए बकस्वाहा अस्पताल से दमोह जिला अस्पताल लाया गया.जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पचोखरा गौरी घाट, दतिया निवासी अरविंद पिता शंकर सिंह रावत उम्र 40 वर्ष की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है.



## तेजगढ़ के तैराक संभाग प्रतियोगिता में होंगे शामिल

**नवभारत,तेजगढ़/दमोह.**स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शालेय तैराकी चयन प्रतियोगिता डीपीएस स्कूल दमोह में आयोजित हुई थी, जिसमें ज़िले के विभिन्न शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था. जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेजगढ़ के 10 खिलाड़ियों ने बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन कर जिले की टीम में स्थान बनाया. चयनित हुए खिलाड़ियों में आशीष रैकवार 200 मीटर फ्रीस्टाइल, धर्मेंद्र यादव 400 फ्रीस्टाइल, महेंद्र सिंह 100 मीटर फ्रीस्टाइल, सुमत सींग 100 मीटर फ्रीस्टाइल और वाटरपोलो मैं विकेश सिंह, जालम सिंह, अंसार ख़ान,सौरभ सींग आदि खिलाड़ियों का चयन जिले की टीम में चयन हुआ.जो अगस्त माह में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सागर में भाग लेगे.सभी चयनित खिलाड़ियों को धर्मेंद्र सिंह लोधी म.प्र.शासन मंत्री, नितेंद्र सिंह (संरक्षक खेलो विधानसभा जबेरा)सत्येंद्र सिंह,नीतेश पांडेय (बी.ई.ओ), विवेकदत्त शर्मा(डी.एस.ओ.) पी.एल. सर (बी.आर.सी.)अनरत सिंह प्राचार्य, एन. एस. राजपूत, हरीसींग यादव, संतोष प्रधान, बारी बाई धुर्वे, मनोहर इनवाती, शोएब पठान, मयंक विश्वकर्मा, रामेश्वर सर आदि ने शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की कामना की.

## जागरूकता शिविर में पहुंचे पशुपालन राज्यमंत्री पटैल

**नवभारत,पथरिया/दमोह।** प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने जिले की बटियागढ़ तहसील के ग्राम घूघस में अंतरा फाउंडेशन द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में कहा कि अंतरा फाउंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक करना है, यह बहुत अच्छी पहल है, किशोरी बालिकाओं और प्रसव वाली महिलाओं के लिए अलग-अलग कार्यक्रम है, उनको क्या-क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, यह सारा कार्य अंतरा फाउंडेशन गाँव-गाँव जाकर बालिकाओं और महिलाओं के साथ बैठक करके उनको समझाने का प्रयास कर रहा है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कई बार जानकारी के अभाव में जननी की मौज भी हो जाती है, अगर पहले से जानकारी होगी कि खून की मात्रा कम न हो, दूसरी चीजों की कमी न हो, यह फाउंडेशन बहुत अच्छा काम कर रहा है। राज्यमंत्री पटैल ने कहा लाड़ली बहनों को गौ-पालन संबंधी योजना से जोड़ दिया जाये तो जहां 1250 रूपये की आय उनको हो रही है, वह बढ़कर 04 हजार से 05 हजार तक हो जाएगी।






## विद्यालय परिसर में पौधा रोपण

**नवभारत,पथरिया/दमोह।** युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत दमोह व मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बनकटवारी में पौधा रोपण किया। इस दौरान आम, नीम, नींबू के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर शाला प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ठाकुर, शिक्षक रतन लाल पटेल, उमादेवी ठाकुर, संस्था अध्यक्ष घनश्याम पटेल, हाकम अहिरवार, मोहित सिंह राजपूत, देवेन्द्र पटेल, दौलत पटेल, रवि पटेल सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

**उठाया लाभ** — अब हिण्डोरिया में हर महीने की 2 व 16 तारीख को शिविर लगेंगे

# हिण्डोरिया बस स्टेण्ड पर तीसरा नि : शुल्क नेत्र शिविर




**नवभारत,दमोह.** सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर व द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त संयुक्त तत्वावधान में हिंडोरिया के स्थानीय बस स्टैंड परिसर में शनिवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 04 बजे तक एक दिवसीय नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन किया गया. इस सम्बन्ध में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन यादव ने बताया कि शिविर में 60 मरीजों का नेत्र परिक्षण किया गया. शिविर में मोतियाबिंद, अक्सूर, नखूना नेत्र रोग से सम्बंधित 18 मरीजों को चिन्हित किया. इन मरीजों के नेत्र रोगों का उपचार आयुष्मान भारत योजना कार्ड के माध्यम से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर मे नि: शुल्क किया जाएगा. श्री यादव ने कहा कि हिण्डोरिया मे अब हर माह की 02 तारीख व 16 तारीख को ये शिविर लगेंगे.शिविर मे भाग लेने वाले मरीज को अपने साथ आयुष्मान कार्ड व आधार कार्ड शिविर मे साथ लेकर आना होगा.जांच के दौरान जो भी मरीज पात्र होगा. उसे उसी दिन शिविर स्थल से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर के लिये वाहन से उपचार के लिए ले जाया जाएगा व वापिस भी छोड़ा जायेगा.